श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

सच की ताकत, खबरों के साथ

9414917401 ♦ शनिवार ♦ 21 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 921



सिद्धेश्वर श्री जसनाथ जी महाराज

के 545वें अवतार दिवस के पावन एवं पुण्य अवसर पर


समस्त श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए

हार्दिक शुभकामनाएँ एवं मंगलकामनाएँ

आप सभी को देवउठनी एकादशी की शुभकामनाएं

OUR EXPERTISE

- ALL CONSTRUCTION MATERIAL TESTING
- SOIL / GEOTECH INVESTIGATION
- NON DESTRUCTIVE TESTING (NDT)
- BRIDGE/PILE/PLATE LOAD TESTING
- FIELD DRY DENSITY (COMPACTION)
- CONCRETE MIX DESIGN M-10 TO M-60 GRADE
- DBM/BC/SDBC/BM/WMM/GSB JOB MIX
- ENVIRONMENTAL TESTING
- CHEMICAL TESTING
- THIRD PARTY INSPECTION
- TRAFFIC ENGINEERING SURVEY
- ROAD ROUGHNESS TEST
- CALIBRATION OF ALL CONSTRUCTION EQUIPMENT
- SALES OF LABORATORY EQUIPMENT
- ENGINEERING SURVEY
- TECHNICAL TRAININGS



संस्थापक एवं निदेशक

श्री जसनाथ लैबोरेटरी प्राइवेट लिमिटेड जयपुर,
श्री जसनाथ टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरी जयपुर,
शौर्य इंजीनियरिंग सर्विसेज, जयपुर (NABL मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला)

Er. मांगी नाथ सिद्ध (उपनी)

पूर्व अध्यक्ष - सिद्ध समाज विकास समिति, जयपुर

श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति के वार्डों में कौन रहा दूसरे व तीसरे स्थान पर- विजेताओं को कहीं मिली कड़ी टक्कर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति में कांग्रेस को 8, भाजपा को 6, आरएलपी को 4 और माकपा को 1 सीट मिली है। यहां कांग्रेस ने सर्वाधिक वोट 25,630 वोट लिए है। वहीं भाजपा ने 25,169 वोट लिए है। रालोपा ने 10,987 वोट, माकपा ने 6,883 वोट, निर्दलीय ने 6,518 वोट, बसपा ने 151 वोट व नोटा को 879 वोट मिले है। इस क्षेत्र में भाजपा ने सर्वाधिक वोट वार्ड 10 में 2537 लिए। कांग्रेस ने सर्वाधिक वोट इसी वार्ड में 2177 लिए है। रालोपा ने सर्वाधिक वोट वार्ड 7 में 1756 वोट लिए और माकपा ने सर्वाधिक वोट वार्ड 19 में 1361 वोट लिए है। निर्दलीय ने सर्वाधिक वोट वार्ड 1 में 1470 लिए है।

पढें सभी वार्डों से हार जीत के पूरे आंकड़े

वार्ड 1 (मोमासर) ओबीसी भाजपा के भागीरथ लूणाराम 31 वोट से जीते है। भागीरथ ने 1868 वोट लिए और इनके निकटवर्ती कांग्रेस के पांचीलाल ने 1837 वोट लिए। वहीं तीसरे स्थान पर रहें निर्दलीय श्रवणकुमार ने 1470 वोट लिए। यहां रालोपा के ओमप्रकाश ने भी 1278 वोट लिए और माकपा के बीरबल को 328 वोट मिले है।

वार्ड 2 (लिखमादेसर, सत्तासर, रेवाड़ा) सामान्य महिला भाजपा के सुमन गोविंद पारीक 404 वोट से विजयी हुई। सुमन ने 1581 वोट लिए और इनके निकटवर्ती कांग्रेस की जसोदा आदूराम ने 1176 वोट लिए। यहां माकपा तीसरे नबंर पर रही और जसोदा तोलाराम ने 910 वोट लिए। रालोपा की राजूदेवी ने 275 वोट लिए है।

वार्ड 3 (आड़सर, लालासर) ओबीसी कांग्रेस के मामराज कानाराम 594 वोट से जीते। मामराज ने 1641 वोट लिए वहीं इनके निकटवर्ती भाजपा के भगवती प्रसाद ने 1092 वोट लिए है। यहां माकपा के शब्बीर मोहम्मद ने 240 और रालोपा के विष्णु नाई ने 198 वोट लिए है।

वार्ड 4 (सुरजनसर, उदरासर चारणान, धीरदेसर पुरोहितान) अनुसूचित जाति रालोपा निराणाराम 250 वोट से चुनाव जीते है। निराणाराम ने 1128 वोट लिए और इनके निकटवर्ती भाजपा के पोकरराम ने 878 वोट हासिल किए है। वहीं कांग्रेस की पूरादेवी ने 725 वोट और माकपा के राजूराम ने 216 वोट लिए है।

वार्ड 5 (ठुकरियासर, धोलिया) सामान्य महिला कांग्रेस की गीता भंवरलाल 923 वोट से विजयी रही। यहां गीतादेवी ने 1898 वोट लिए तथा इनके निकटवर्ती रही भाजपा की बिंदू ने 974 वोट लिए है। इस वार्ड में रालोपा तीसरे स्थान पर रही और गौरी ने 885 वोट लिए। माकपा ने यहां 226 वोट लिए है।

वार्ड 6 (तोलियासर, जेतासर) सामान्य महिला कांग्रेस की कंचन रेवंतसिंह 74 वोट से विजयी हुई है। कंचन ने 1771 वोट लिए व इनके निकटवर्ती भाजपा की दुर्गादेवी पृथ्वीराजसिंह ने 1696 वोट लिए है। यहां माकपा की सरोज ने भी 380 वोट लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज की।

वार्ड 7 (उदरासर, लाखनसर, बीरमसर, जालबसर) सामान्य रालोपा की पूजा किशनराम धतरवाल 224 वोट से विजयी हुई। पूजा ने 1756 वोट लिए और इनके निकटवर्ती रही कांग्रेस की भंवरी देवी ने 1546 वोट हासिल किए। यहां भाजपा के शिवरतन 1351 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहें और माकपा के नानूनाथ ने 302 वोट लिए है।

वार्ड 8 (डेलवां, लाधड़िया, लोडेरा) सामान्य कांग्रेस की सुमित्रा बंशीधर पारीक 367 वोट से विजयी हुई। सुमित्रा ने 1708 वोट हासिल किए और इनके निकटवर्ती भाजपा के किशनाराम ने 1342 वोट लिए। यहां माकपा के दौलतराम ने 108 वोट लिए।

वार्ड 9 (गुसाईसर बड़ा) सामान्य भाजपा की शांति भंवरलाल 536 वोटों से विजयी हुई। यहां कांग्रेस भाजपा की आमने सामने टक्कर थी, जिसमें शांति देवी ने 1598 वोट हासिल किए। वहीं कांग्रेस की फुसीदेवी ने 1062 वोट लिए।

वार्ड 10 (बींझासर, माणकरासर, समंदसर) सामान्य भाजपा की रूकमणि तेजपाल 360 वोटों से विजयी हुई। यहां भाजपा ने 2537 वोट हासिल किए और इनके निकटवर्ती कांग्रेस ने 2177 वोट हासिल किए है। इस वार्ड में रालोपा के दुर्वासा ने 407 वोट, माकपा के मालसिंह ने 525 को वोट हासिल किए।

वार्ड 11 (पूनरासर, राजपुरा) सामान्य महिला रालोपा की सरिता प्रेमाराम 18 वोट से विजयी हुई। यहां सरिता ने 1231 वोट लिए। इनके निकटवर्ती भाजपा के राधा देवी ने 1213 वोट लिए। कांग्रेस की रामेती ने यहां 1007 वोट और माकपा की इंद्रा देवी को 419 वोट मिले। यहां बसपा की प्रत्याशी माया कुमारी को 151 वोट मिले है। एक निर्दलीय मीरा ने यहां 180 वोट लिए है।

वार्ड 12 (शेरूणा, नारसीसर) सामान्य महिला कांग्रेस की राधादेवी 634 वोट से विजयी रही। राधादेवी ने 1428 वोट मिले और इनके निकटवर्ती निर्दलीय असमान कंवर ने 795 वोट मिले है। यहां रोलापा की मोहिनी देवी ने 667, भाजपा की सोनिका ने 551 वोट लिए है।

वार्ड 13 (जोधासर, झंझेऊ, भोजासर, गजपुरा) ओबीसी महिला सीट पर भाजपा की मायादेवी रूघनाथ 214 वोटों से विजयी हुई है। माया देवी ने 1424 वोट लिए व इनकी निकटवर्ती निर्दलीय सरिता देवी ने 1210 वोट हासिल किए है। वहीं यहां कांग्रेस की मंजू ने 744 वोट व माकपा की गायत्री को 144 वोट मिले है।

वार्ड 14 (लखासर, बेनीसर, हेमासर) ओबीसी महिला भाजपा की केसरदेवी मोहननाथ 1445 वोटों से विजयी हुई। केसरदेवी ने यहां 2388 वोट लिए। यहां इनके निकटवर्ती निर्दलीय नीलेश्वरीदेवी ने 943 वोट हासिल किए। यहां कांग्रेस की चंदा देवी ने 842 वोट व रोलापा की सुमन कुमारी ने 572 वोट लिए है।

वार्ड 15 (जैसलसर, सातलेरा, अभयसिंहपुरा, पुदंलसर) सामान्य कांग्रेस के सुमेर तेजमालसिंह 290 वोट से चुनाव जीत लिया। यहां सुमेरसिंह को 1853 वोट मिले व इनके निकटवर्ती भाजपा के राजेंद्र सिंह को 1597 वोट लिए। तीसरे स्थान पर रालोपा रही और प्रत्याशी पप्पूराम ने 984 वोट व माकपा के मोहनराम को 637 वोट लिए है।

वार्ड 16 (बिग्गा) अनुसूचित जाति महिला कांग्रेस की गीता महेंद्र 277 वोट से विजयी हुई। गीता देवी को 1403 वोट मिले। वहीं भाजपा की सोनादेवी को 1276 वोट मिले और माकपा की तारा गोयल को 385 वोट, रालोपा की चुका मेघवाल ने 369 वोट लिए है।

वार्ड 17 (बिग्गाबास रामसरा, शीतलनगर) अनुसूचित जाति महिला रालोपा की गंगादेवी रामुराम 78 वोट से विजयी हुई। यहां गंगा देवी ने 673 वोट लिए व इनकी निकटवर्ती कांग्रेस की गीतादेवी ने 595, निर्दलीय तुलछादेवी ने 520 वोट, भाजपा की रामीदेवी ने 505 वोट लिए। यहां माकपा ने 55 वोट हासिल किए।

वार्ड 18 (कितासर भाटियान, कितासर बीदावतान) अनुसूचित जाति कांग्रेस के तिलोकचंद बेगाराम 307 वोट से विजयी हुए। विजेता ने 871 वोट लिए और इनके निकटवर्ती निर्दलीय छगनीदेवी ने 699 वोट लिए। यहां रालोपा के मोहनराम तीसरे स्थान पर रहें और 564 वोट लिए। भाजपा के हरूराम ने 419 वोट लिए है।

वार्ड 19 (धीरदेसर चोटियान, कुंतासर) अनुसूचित जाति माकपा के कुशलाराम 14 वोट से विजयी हुए। कुशलाराम ने 1361 वोट लिए। इनके निकटवर्ती कांग्रेस के भानीराम ने 1346 वोट लिए। वहीं भाजपा के धर्माराम को 879 वोट व निर्दलीय सोहनराम को 701 वोट लिए है।



भारतमाला रोड पर कार फिसल कर खड्डे में गिरी, फिर कच्चे रास्ते पर चढ़ी-चार युवक घायल

श्रीगंगानगर, 20 नवंबर। श्रीगंगानगर-श्रीकरणपुर भारतमाला प्रोजेक्ट मार्ग पर श्रीकरनपुर से लगभग 8 किमी पहले सत करतार डेरा के पास आज सुबह लगभग 5:30 बजे एक तेज रफ्तार कार नियंत्रण से बाहर हो गई कर रोड से फिसल कर खड्डे में गिरी और फिर उछलकर पास में ही एक कच्चे रास्ते पर चढ़ गई। कार में चार युवक सवार थे जो घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची आपातकाल सेवा 108 की एंबुलेंस ने घायलों को श्रीकरणपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। इनमें से तीन युवकों के ज्यादा चोट लगी, जबकि एक मामूली घायल हो गया।पुलिस के अनुसार तीन ज्यादा घायलों की पहचान लगभग 30 वर्षीय अनुज, वंश तथा देवेंद्र के रूप में हुई है। यह तीनों और इनका चौथा साथी सभी हरियाणा के पानीपत जिले के निवासी हैं तथा पशुओं की खरीद-फरोख्त का कारोबार करते हैं। अपने इसी कारोबार के सिलसिले में यह चारों युवक कल रात लगभग 10 बजे पानीपत से श्री करणपुर को रवाना हुए थे। आज सुबह लगभग 5:30 बजे श्रीकरनपुर से करीब 8 किलोमीटर पहले अचानक कर बेकाबू हो गई और हाईवे के साथ लगते खड्डे में जाकर गिरी। कार की रफ्तार अधिक होने के कारण खड्डे में गिरने के बाद उछली और पास में ही कच्चे रास्ते पर चढ़ गई। घायलों को श्रीकरणपुर अस्पताल ले जाने की सूचना मिलने पर गए एएसआई जंगशेर खान ने बताया कि उक्त तीन ज्यादा घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया। यह हादसा संभवतः चालक को नींद की झपकी आने अथवा किसी आवारा पशु के सामने आ जाने के कारण होने का अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है। इस हादसे के संबंध में समाचार लिखे जाने तक थाने में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ था।

रीड़ी के वार्डों में किसे मिले कितने वोट, कौन रहा दूसरे और तीसरे स्थान पर, कहां हुई कड़ी टक्कर तो कहां एकतरफा जीत

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवंबर 2026। नवगठित रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में सर्वाधिक कांग्रेस ने 9 सीटें ली और कुल वोट 23,082 पर रही। वहीं भाजपा ने यहां वोट 15,909 लिए परंतु यहां भाजपा को सीटें 3 ही मिली है। इस क्षेत्र में रालोपा ने तीन सीटें ली और वोट 14,164 लिए है। वहीं यहां माकपा ने 2 सीटें ली और कुल वोट 7,689 लिए है। भाजपा ने सर्वाधिक वोट वार्ड 14 में 1821 लिए है। कांग्रेस ने सर्वाधिक वोट वार्ड 3 में 2540 वोट लिए है। माकपा ने सर्वाधिक वोट वार्ड 8 में 2034 वोट लिए है। रालोपा ने वार्ड 17 में 1433 सर्वाधिक वोट लिए है।

सभी वार्डों से हार जीत के पूरे आंकड़े

वार्ड 1 (धर्मास, इंदपालसर सांखलान, इंदपालसर बड़ा, हथाना) अनुसूचित जाति कांग्रेस के लिछमणराम 781 वोट से विजयी हुए। यहां विजेता को 1585 वोट मिले। इन्होंने निकटवर्ती भाजपा प्रत्याशी छोटूराम ने 804 वोट लिए। माकपा के ओमप्रकाश ने 328 वोट लिए। यहां नोटा को 36 वोट मिले है।

वार्ड 2 (इंदपालसर गुसाईसर, अमृतवासी, सुरजनवासी, इंदपालसर हीरावतान, इंदपालसर राईकान) सामान्य भाजपा के गिरधारीसिंह 345 वोट से विजयी हुए। यहां विजयी को 1441 वोट मिले और इनके निकटवर्ती कांग्रेस प्रत्याशी जगदीश को 1096 वोट मिले है। रालोपा के ओमवीर ने यहां 882 वोट लिए।

वार्ड 3 (रीड़ी) सामान्य महिला कांग्रेस की भंवरीदेवी ओमप्रकाश 723 वोट से चुनाव जीत लिया। भंवरीदेवी ने निकटवर्ती भाजपा की शांतिदेवी ने 1817 वोट लिए। रालोपा ने भी यहां टक्कर देते हुए 1411 वोट हासिल किए।

वार्ड 4 (बाना, खियाणी बास) सामान्य कांग्रेस के मुन्नीराम 658 वोट से विजयी हुए। मुन्नीराम को 1477 वोट लिए और इनके निकटवर्ती निर्दलीय पूनमचंद ने 819 वोट लिए। रालोपा के सुरजाराम ने यहां 549 वोट और भाजपा प्रत्याशी बनवारीलाल ने यहां 533 वोट लिए।

वार्ड 5 (ऊपनी, दुसारणा पंडरिकजी) ओबीसी कांग्रेस के हरिराम गोदारा 374 वोट से जीते। गोदारा ने 1442 वोट लिए और इनके निकटवर्ती रालोपा के राजूराम ने 1068 वोट हासिल किए। यहां भाजपा के मंगलाराम ने 717 वोट लिए है।

वार्ड 6 (कल्याणसर पुराना, दुसारणा बड़ा, दुसारणा पीपासरिया) सामान्य महिला कांग्रेस की धापूदेवी मदनलाल 372 वोट से विजयी हुए। विजेता ने 1206 वोट लिए और निकटवर्ती रालोपा की जेठी देवी को 834 वोट मिले। यहां भाजपा तीसरे स्थान पर रही और कमला ने 459 वोट लिए।

वार्ड 7 (दुलचासर, बासीमहियान, गोपालसर) ओबीसी महिला माकपा की द्रोपती 609 मतों से विजयी हुई। यहां द्रोपती की निकटवर्ती कांग्रेस की सीमा देवी को 913 वोट मिले। इस वार्ड में रालोपा तीसरे स्थान पर रही और शांतिदेवी ने 808 वोट मिले। भाजपा की प्रेम ने 733 वोट लिए है।

वार्ड 8 (सूडसर, देराजसर, टेऊ) सामान्य सीट पर माकपा के राजेश भादू 283 वोट से विजयी हुए। भादू ने 2034 वोट लिए और इनके निकटवर्ती कांग्रेस के ओमप्रकाश ने 1751 वोट लिए है। यहां तीसरे स्थान पर रालोपा रही और पूर्णाराम ने 1249 वोट लिए है। भाजपा के मानसिंह ने 680 वोट लिए।

वार्ड 9 (सांवतसर, कोटासर) सामान्य महिला कांग्रेस की बंसती गोपालाराम 574 वोट से विजयी हुई। बंसती ने 1449 वोट लिए और इनके निकटवर्ती माकपा की पूनादेवी ने 875 वोट लिए। भाजपा की सुधरा ने यहां 676 वोट लिए है।

वार्ड 10 (लिखमीसर उत्तरादा, कल्याणसर नया) ओबीसी महिला रालोपा मघीदेवी डालाराम 679 वोट से विजयी हुई। यहां मघीदेवी ने कुल 2427 वोट लिए और इनके निकटवर्ती कांग्रेस की सरोज देवी ने 1748 वोट लिए। भाजपा की उर्मिला ने यहां 886 वोट लिए है।

वार्ड 11 (राजेडू, लिखमीसर दिखनादा) सामान्य महिला रालोपा की भंवरीदेवी मुन्नीराम 314 वोट से विजयी हुई। भंवरीदेवी ने 1237 वोट लिए और इनके निकटवर्ती रही कांग्रेस की माली देवी ने 923 वोट लिए। यहां भाजपा की पुष्पा ने 701 और माकपा की संतोष ने 321 वोट लिए है।

वार्ड 12 (बापेऊ, बापेऊ पुरोहितान) अनुसूचित जाति महिला कांग्रेस की संतोष पूनमचंद 833 वोट से विजयी हुई। संतोष देवी ने 1469 वोट लिए और इनकी निकटवर्ती भाजपा की रूखमा ने 636 वोट लिए। वहीं माकपा की परमेश्वरी को यहां 334 वोट मिले और रालोपा की मंजूदेवी को 113 वोट मिले है।

वार्ड 13 (सोनियासर मीठियान, ऊंचाईड़ा, शिवदानसिंह, गोगिलयान, गोदारान) अनुसूचित जाति महिला कांग्रेस की सुमन सुरेंद्रराम 470 वोट लिए है। सुमन ने 1283 वोट लिए और इनके निकटवर्ती भाजपा की कौशल्या कुमारी ने 841 वोट लिए है। माकपा की पानादेवी ने यहां 813 वोट लिए है और रालोपा की निरमा ने 544 वोट लिए है।

वार्ड 14 (जाखासर, भोमिसिंहावतान, जाखासर करणावतान, राणासर, नरूकान, हंसावतान, केऊ) सामान्य भाजपा के रतनसिंह राठौड़ 108 वोट से विजयी हुए। राठौड़ को 1821 वोट मिले और इनके निकटवर्ती कांग्रेस के ओमप्रकाश को 1713 वोट मिले है। रालोपा के मेगाराम को 438 वोट मिले वहीं माकपा के लालाराम ने 210 वोट लिए।

वार्ड 15 (बरजांगसर, कुनपालसर) सामान्य कांग्रेस के तोलाराम सियाग 10 वोट से विजयी हुए। तोलाराम को 861 वोट मिले और इनके निकटवर्ती रालोपा प्रत्याशी बजरंगलाल ने टक्कर देते हुए 851 वोट हासिल किए। यहां तीसरे स्थान पर निर्दलीय रामनिवास रहें जिन्होंने 761 वोट लिए है। भाजपा के महावीरसिंह को 665 वोट मिले और माकपा के रेवंतराम को 154 वोट मिले है।

वार्ड 16 (धनेरू) अनुसूचित जाति भाजपा के नथमल मनसाराम 245 वोट से विजयी हुए। विजयी को 1188 वोट मिले और इनके निकटवर्ती कांग्रेस के खिंयाराम को 943 वोट मिले है। माकपा यहां तीसरे स्थान पर रही और 577 वोट लिए। यहां रालोपा को 318 वोट मिले है।

वार्ड 17 (बाडेला, मिंगसरिया, नोसरिया) ओबीसी रालोपा के केशुराम गोदारा 123 वोट से जीते। गोदारा को 1433 वोट मिले और इनके निकटवर्ती भाजपा के पवन कुमार स्वामी को 1310 वोट मिले। तीसरे स्थान पर कांग्रेस के रामकिशन को 683 वोट मिले और माकपा की राधा खिलेरी ने यहां 129 वोट लिए।


सूदखोर के खिलाफ चौथा मामला दर्ज, महिला ने धोखाधड़ी से प्लॉट हड़पने के लगाए आरोप

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवंबर 2026। 20 रूपए सैंकड़ा से चक्रवर्ती ब्याज लेने व फर्जी दस्तावेज से भूमि हड़प करने के आरोपी कालूबास निवासी दौलतराम घिंटाला के खिलाफ चौथा मुकदमा दर्ज हुआ है। थानाधिकारी कश्यपसिंह राघव ने बताया कि एक के बाद एक पीड़ित हिम्मत जुटा कर थाने पहुंच रहें हे। थाने मे कालूबास निवासी प्रियंका पत्नी मोहम्मद युसुफ दमामी ने दौलतराम घिंटाला के खिलाफ आरोप लगाए है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह हाल में बांय, तारानगर में रहती है। 28 दिसंबर 2020 को उसने वार्ड 1 में संतोष कुमार जाट से एक कब्जाशुदा भूखंड चार लाख रूपए में खरीदा। तब से इस प्लॉट पर उसी का कब्जा है। इस प्लॉट का पट्टा बनवाने के लिए 2024 में उसने कालूबास निवासी दौलतराम घिंटाला को मूल स्टाम्प, इकरारनामा व 50 हजार रूपए दिए। आरोपी ने उसे पट्टा बनवाने का आश्वासन दिया। दो तीन माह बाद जब पीड़िता ने आरोपी से संपर्क किया। आरोपी ने थोड़ा समय लगने की बात कही। उसके बाद पीड़िता ने बार बार आरोपी से संपर्क किया परंतु उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और टालमटोल करता रहा। अंत में आरोपी ने धमकी दी भूखंड तो मेरा हो गया और अब पट्टा भी मेरे नाम से ही बनाऊंगा। पीड़िता आरोपी की दुकान पर गई तो उसने फोन छीन लिया व धमकी देते हुए भूखंड पैसे की बात की तो मौहल्ले में रहना मुश्किल कर देने व परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर अपने दस्तावेज दिलवाए जाने की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एसआई रामेंद्र कुमार के सुपुर्द कर दिया।

बिग्गा के बाबूलाल ने 113 मीटर कपड़ा लौटाया मालिक को, जताया टाइम्स का आभार



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के निवासियों व प्रवासियों द्वारा पढ़ा जाने वाला सबसे बड़ा न्यूज रुप बन गया है। टाइम्स में प्रकाशित खबरों पर एक्शन व रिएक्शन का व्यापक प्रभाव आमजन पर नजर आता है। टाइम्स में पाठकों की मदद के लिए प्रकाशित खोया पाया कॉलम भी सामाजिकता का उदाहरण पेश कर रहा है। बुधवार शाम को टाइम्स में हजारों रूपए के 113 मीटर कपड़े का थान अपने मालिक तक पहुंच गया है। श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स में प्रकाशन के तुरंत बाद बिग्गा निवासी बाबूलाल डूडी ने दिए गए नबंरो पर संपर्क किया। डूडी को रीड़ी के निकट ये थान मिला और उन्होंने अपने ट्रक में इसे सुरक्षित रख लिया। खबर देखने के साथ ही मालिक को फोन किया और गुरूवार को श्रीडूंगरगढ़ लौटने के साथ ही तहसील कार्यालय के सामने कपड़ा मालिक आरीफ चुनगर को सौंप दिया। आरीफ चुनगर, शाहरूख चुनगर सहित सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष सिद्ध सहित अन्य उपस्थित लोगों ने श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स को जन जन की आवाज बताते हुए टाइम्स का आभार जताया।



पंचायतीराज चुनाव परिणामों की पड़ताल - पार्ट 1

रालोपा ने चौंकाया, माचरा का बढ़ा कद, विधानसभा चुनावों से दस गुना बढ़ाया वोट बैंक रालोपा ने चौंकाया, पहले के साथ दूसरा स्थान भी कब्जाया

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवम्बर 2026। इस बार के चुनाव परिणामों में सबसे अधिक रालोपा ने चौंकाया है। यहां पर रालोपा के आंकड़े अजब गजब रहे है। रालोपा ने इस बार श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में 10,987 वोट लेकर 4 सीटें प्राप्त कर ली वहीं रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में रालोपा ने 14,164 वोट लेकर भी 3 सीट ही प्राप्त की है। ये सीटें जीतने के साथ ही रालोपा ने रीड़ी पंचायत समिति के वार्ड 5, 6 एवं 15 में भाजपा, मांकपा जैसी स्थापित पार्टियों को पछाड़ कर दूसरे नम्बर पर भी रही है। पंचायत समिति वार्डों के कुल वोट देखें तो रालोपा ने 25 हजार से अधिक वोट लिए है। वहीं जिला परिषद वार्डों के परिणामों पर देखें तो रिड़ी पंचायत समिति क्षेत्र के 3 वार्डों से 17,028 एवं श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के 4 वार्डों से 12,811 वोट लिए है, यानीकि ग्रामीण क्षेत्र से कुल 29,839 वोट लिए है। गत विधानसभा चुनावों को देखें तो रालोपा को करीब 3 हजार वोट मिले थे एवं इन चुनावों में करीब 30 हजार वोट मिलने की दस गुना छलांग पार्टी के स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं की लगातार सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है। श्रीडूंगरगढ़ शहर को छोड़ दिया जाए तो केवल ग्रामीण इलाकों से इतने बड़ा वोट बैंक बना लेने की बात हर राजनैतिक चर्चा में शामिल हो गई है। रालोपा ने इस बार नाराजगी को भुनाने का काम किया एवं तीनों पार्टियों में टिकट वितरण से नाराज हुए कार्यकर्ताओं को साधते हुए अपनी पार्टी को खड़ा कर लिया है।

जिला परिषद में छाया माचरा का जादू, हनुमान बेनीवाल की 100 प्रतिशत स्ट्राईक रेट

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। क्षेत्र में लंबे समय से संघर्ष कर रहे आरएलपी के नेता विवेक माचरा का कद इस चुनाव के बाद बढ़ गया है। विवेक माचरा ने जिला परिषद के वार्ड 39 में अपने छोटे भाई विकास माचरा की धर्मपत्नी अनिता माचरा के प्रतिनिधि के रूप में वोट मांगें थे एवं आरएलपी को पंचायत समिति वार्डों में मिले वोटों से कहीं ज्यादा वोट जिला परिषद के वार्डों में मिले है। माचरा को कई कई गांवों में तो एकतरफा वोट मिले है। भाजपा-कांग्रेस के कद्दावर नेताओं के गांवों में भी माचरा को भाजपा-कांग्रेस से कहीं अधिक वोट मिले है। कांग्रेस नेता मूलाराम भादू का गांव इंदपालसर गुंसाईसर हो या चाहे भाजपा नेता तोलाराम जाखड़ का गांव इंदपालसर हीरावतान, दोनो जगहों पर कांग्रेस एवं भाजपा के सिंबल से अधिक वोट रालोपा के सिंबल पर आए है। इसी प्रकार गांव रीड़ी में कांग्रेस के कद्दावर नेता हेतराम जाखड़ के पैतृक गांव रीड़ी में रालोपा के जिला परिषद प्रत्याशी ने रालोपा के पंचायत समिति प्रत्याशी से करीब 240 वोट ज्यादा लिए है। यहां पर रालोपा ने पंचायत समिति के मुकाबले जिला परिषद में 240 वोट का सुधार होना माचरा का प्रभाव बता रहा है। हालांकी रीड़ी गांव में कांग्रेस के जिला परिषद प्रत्याशी ने रालोपा के जिला परिषद प्रत्याशी से 788 वोटों की लीड़ ले रखी है। ऐसे ही गांव धनेरू में पंचायत समिति वार्ड तो भाजपा ने जीता है लेकिन जिला परिषद में रालोपा ने अकेले ही कुल वोट का 40 प्रतिशत हिस्सा ले लिया, व बाकी तीनों मुख्य पार्टियां पीछे बचे वोट में सिमट गई। ऐसे ही बरजांगसर, बाडेला में कुल पोलिंग में से आधे से अधिक वोट माचरा ने प्राप्त किए है। वहीं दूसरी और रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल की स्ट्राईक रेट भी 100 प्रतिशत रही है। यहां पर बेनीवाल ने गांव रीड़ी, धीरदेसर पुरोहितान एवं पूनरासर में सभाएं की थी। इनमें से गांव पूनरासर एवं धीरदेसर पुरोहितान में तो एकतरफा वोट रालोपा को मिले है।

पंचायतीराज चुनाव परिणामों की पड़ताल - पार्ट 2

भाजपा परिसिमन के सहारे नहीं लगा पाई नैया पार, टिकट वितरण की नाराजगी के सहारे लग गई गढ़ में सेंध, 13 वार्डों में तो जमानत जब्त जैसी स्थिति

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवम्बर 2026। इस चुनाव परिणाम में सबसे अधिक भाजपा को निराशा हुई है। भाजपा द्वारा टिकट वितरण की नाराजगी को दूर नहीं कर पाने का परिणाम रहा कि भाजपा के गढ़ माने जाने वाले इलाकों में भी सेंधमारी हो गई। भाजपा का गढ़ माने जाने वाले मोमासर, आडसर, सुरजनसर, धीरदेसर पुरोहितान, तोलियासर, जैतासर, पूनरासर, शेरूणा-नारसीसर, सांवतसर, पुंदलसर, बिग्गा, लिखमीसर दिखणादा आदि गांवों में पार्टी की खासी हार हुई है। इनमें से गांव मोमासर में निर्दलीय व रालोपा, धीरदेसर पुरोहितान, पूनरासर में रालोपा ने भाजपा के वोट काटे है। भाजपा को श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति चुनावों में 25,169 वोट एवं रीड़ी पंचायत समिति के वार्डों में 15,909 यानी कुल 41,078 वोट मिले है। जिला परिषद के वार्डों को देखा जाए तो कुल 26,675 एवं 15,015 वोट यानी के कुल 41,720 वोट मिले है। गत नगरपालिका चुनाव में शहरी क्षेत्र में भाजपा को मिले 9,910 वोटों को भी इसमें जोड़ देवें तो पार्टी को 51,630 वोट की जोड़ बैठती है, यह जोड़ गत विधानसभा चुनावों में पार्टी को मिले लगभग 66,500 वोटों से कहीं कम हो गई है। ऐसे में राजनीतिक विश्लेषकों को यहां पार्टी की लगातार गिर रहे वोट प्रतिशत को चिंता की बात मान रहे है। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता इस स्थिति को चिंतनीय मान रहे है एवं पार्टी को अब अपनी कार्यशैली में बदलाव करने की सलाह दे रहे है।

यहां पार्टी गई हाशिये पर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। 21 सीटों वाली श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति को तोड़ कर जब रीड़ी एवं श्रीडूंगरगढ़ दो पंचायत समितियां बनाई गई तो सभी के पास यही चर्चा थी कि भाजपा ने अपनी सहूलियत से परिसीमन कर अपनी जीत चुनावों से पहले ही तय कर ली है। अधिकांश कांग्रेस बेल्ट वाले क्षेत्र को रीड़ी पंचायत समिति के क्षेत्र में शामिल किया गया एवं श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र को भाजपा के हिसाब से गढ़ माना गया। लेकिन इस गढ़ में भी सेंध लग गई एवं पार्टी कई वार्डों में हाशिए पर चली गई है। भाजपा इस बार के चुनाव में श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के वार्ड 7 में तीन प्रत्याशियों में तीसरे स्थान पर, वार्ड 12 में पांच प्रत्याशियों में से पांचवें स्थान पर, वार्ड 17 में पांच प्रत्याशियों में चौथे स्थान पर, वार्ड 18 में कुल चार प्रत्याशियों में चौथे नम्बर पर, वार्ड 19 में चार प्रत्याशियों में तीसरे नम्बर पर रही है। इनमें से भी वार्ड 12, 17, 18 में तो भाजपा निर्दलीय प्रत्याशियों से भी कम वोट प्राप्त किए है। वहीं दूसरी और रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में तो हालात और खराब हुए है। यहां वार्ड 4 के कुल 5 प्रत्याशियों में से चौथे नम्बर पर, वार्ड 6 में कुल 4 प्रत्याशियों में से तीसरे नम्बर पर, वार्ड 7 के कुल चार प्रत्याशियों में चौथे नम्बर पर, वार्ड 8 में कुल चार प्रत्याशियों में से चौथे नम्बर पर, वार्ड 9 में तीन प्रत्याशियों में तीसरे नम्बर पर, वार्ड 10 में तीन प्रत्याशियों में तीसरे नम्बर पर, वार्ड 11 में चार प्रत्याशियों में से तीसरे नम्बर पर, वार्ड 15 में पांच प्रत्याशियों में चौथे नम्बर पर रही है।

पंचायतीराज चुनाव परिणामों की पड़ताल पार्ट - 3

डूडी परिवार की निष्ठा में कांग्रेस बची भीतरघात से, पाया बहुमत, पर क्या मिल सकेगी प्रधानी ? या पालिका चुनाव जैसे प्रकरण का भय, इन लोगों ने संभाली पार्टी की कमान

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवम्बर 2026। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति में गत चुनावों में कांग्रेस को 21 में से 10 सदस्यों का अल्पमत होते हुए भी कांग्रेस ने यहां अपना प्रधान बना लिया था एवं भाजपा एवं मांकपा के पास 11 सदस्य होने के बाद भी कांग्रेस को रोक नहीं पाए थे। वहीं इस बार कांग्रेस ने श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति में सबसे अधिक सीटें एवं रीड़ी पंचायत समिति में सीधा बहुमत पाने में सफलता प्राप्त की है। लेकिन फिर भी दबे स्वर में सवाल खड़े है कि क्या कांग्रेस अपना कुनबा बचा पाएगी या श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका जैसा प्रकरण फिर से दोहराया जा सकेगा। विदित रहे कि रीड़ी पंचायत समिति में प्रधान पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है एवं कांग्रेस के 9 में से 3 प्रत्याशी अनुसूचित जाति के जीते हुए है। वहीं एक अनुसूचित जाति का प्रत्याशी भाजपा के पास जीता हुआ है। वहीं मांकपा, रालोपा के पास एक भी प्रत्याशी अनुसूचित जाति का नहीं है। ऐसे में रीड़ी पंचायत समिति में प्रधान पद का चुनाव भाजपा व कांग्रेस में सीधा आमने सामने का होना तय है एवं अनुमान है कि यहां भाजपा कांग्रेस के विजयी रथ में सेंधमारी का पूरा प्रयास करेगी। इस चुनावों में पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा को मजबूत होना माना जा रहा है एवं इस बार टिकट वितरण के साथ साथ चुनावों प्रचार में फ्री हैंड देखने को मिला। गोदारा के समर्थकों के सरपंचाई में भी जीत जाने की लंबी सूची बनी है। पंचायती राज चुनावों का परिणाम देखा जाए तो इस बार भाजपा के गढ़ आडसर में सरपंच, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य तीनों परिणामों में कांग्रेस आगे रही है व यहां पर कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मूलाराम थोरी ने पार्टी की कमान संभाली थी। इसी प्रकार सबसे बड़े गांवों में शामिल रीड़ी में निर्वतमान सरपंच हेतराम जाखड़ ने स्वंय का सरपचं चुनाव तो जीत ही लिया, साथ ही अपने द्वारा दिलवाई गई पंचायत समिति सदस्य की टिकट में पार्टी को भी जितवाया। जाखड़ जिला परिषद चुनाव में भी कांग्रेस को अपने गांव में सबसे आगे रखने में सफलता प्राप्त की है। ऐसे ही गांव मोमासर में निवर्तमान सरपंच प्रतिनिधि और उपसरपंच जुगराज संचेती के समर्थन ने भी भाजपा के बड़े अंतर से जीतने वाली सीट को केवल 31 वोटों के अंतर तक समेट दिया। कांग्रेस को इस परिणामों में श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के वार्डों में 25,630 वोट मिले है एवं रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में 23,082 वोट मिले है। यानी के कांग्रेस ने सर्वाधिक 48,712 वोट लिए है व सबसे अधिक वोट प्रतिशत प्राप्त किए है।

डूडी परिवार की निष्ठा में कांग्रेस बची भीतरघात से

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में लंबे समय से कांग्रेस की गुटबाजी पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा एवं दिवंगत किसान नेता रामेश्वरलाल डूडी के समर्थक नेताओं के बीच खुल कर देखने को मिल रही थी। पिछले कई चुनावों में इस गुटबाजी का नुकसान भी पार्टी को हो रहा था। लेकिन इस बार के चुनावों में जिला परिषद की जिला प्रमुख दौड़ में दिवंगत कांग्रेस नेता रामेश्वरलाल डूडी की पुत्रवधु निकिता डूडी के होने के कारण डूडी समर्थक नेताओं ने पूर्णतया मौन रखा एवं पार्टी के विजयी होने में अपनी मौन भूमिका निभाते नजर आए। डूडी परिवार के प्रति निष्ठा से इस बार डूडी समर्थक नेताओं द्वारा पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा के फ्री हैंड का कोई विरोध तक नहीं किया गया व इसका लाभ परिणामों में पार्टी को मिला है।

पंचायतीराज चुनावों परिणामों की पडताल पार्ट 4

निर्दलीय दिखे मजबुत, कहीं पार्टी को हराने की नींव, कहीं पार्टियों को छोडा पीछे मुख्य पार्टियों की नाराजगी का विकल्प नहीं बन पाई मांकपा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवम्बर 2026। श्रीडूंगरगढ़ पंचायती राज चुनावों के परिणामों की पड़ताल के इस आखिरी पार्ट में खबर है मुख्य पार्टियों से आमजन की नाराजगी की। इस चुनाव के परिणामों में मुख्य पार्टियों से नाराज मतदाताओं ने निर्दलियों को मजबूत किया है। वहीं गत चुनावों में अभी तक मुख्य पार्टियों की नाराजगी का लाभ जो मांकपा को मिलता हुआ नजर आता था, वह मांकपा इस बार नाराजगी का विकल्प नहीं बन पाई है। इन चुनाव परिणाम में मुख्य पार्टियों की नाराजगी का लाभ सीधा सीधा निर्दलियों एवं रालोपा ने उठाया है एवं मांकपा को श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में 6,883 एवं रीडी पंचायत समिति क्षेत्र में 7,689 यानी के कुल 14,572 वोट मिले है। वहीं निर्दलियों को देखें तो श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति में 6,518 एवं रीडी पंचायत समिति में 1979 यानी के कुल 8,497 वोट मिले है।

निर्दलियों ने दिखाया दमखम, बनाई अपनी प्रतिष्ठा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की बात करें तो यहां पर भाजपा के गढ़ मोमासर में भाजपा से बागी हुए श्रवण कुमार नाई ने यहां 1,470 वोट लिए है, जबकि यहां भाजपा केवल 31 वोटों से जीत कर अपनी इज्जत बचा पाई है। यहां निर्दलीय श्रवण कुमार नाई ने रालोपा एवं मांकपा से कहीं अधिक वोट लिए है। इसी प्रकार वार्ड 12 के गांव शेरूणा एवं नारसीसर में निर्दलीय प्रत्याशी असमान कंवर ने 795 वोट लेकर दूसरा स्थान लिया है। असमान कंवर ने यहां सीधे सीधे भाजपा की सोनिका कंवर को नुकसान पहुंचाया। वहीं वार्ड 13 में जोधासर, झंझेऊ, भोजासर, गजपुरा में भाजपा 1424 वोट लेकर जीत तो गई, लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी ने भी 1210 वोट लिए और यहां कांग्रेस तीसरे नम्बर पर रही है। वार्ड 14 के गांव लखासर, बेनीसर, हेमासर में भी निर्दलीय प्रत्याशी ने कांग्रेस को पीछे छोड़ा, यहां पर भाजपा ने 1445 वोटों की अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की है और इस बड़ी जीत का कारण रहा निर्दलीय प्रत्याशी के कांग्रेस से कहीं अधिक वोट लेना है। यहां निर्दलीय प्रत्याशी नीलेश्वरी सिद्ध ने 943 वोट लेकर दूसरा स्थान पाया एवं कांग्रेस की चंदादेवी खिलेरी ने 842 वोट लेकर तीसरा स्थान लिया है। वार्ड 18 के गांव कित्तासर भाटीयान एवं बीदावतान में भी भाजपा की बगावत देखने को मिली एवं निर्दलीय छगनी देवी ने भाजपा के प्रत्याशी से 280 वोट अधिक लिए है। यहां छगनी देवी को 699 एवं भाजपा के हरूराम को 419 वोट मिले है। यहां निर्दलीय एवं भाजपा के वोट जोड़े तो कांग्रेस के पास यह सीट नहीं जाती। बात रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र की करें तो यहां निर्दलीय में सबसे बड़ा नाम वार्ड 4 में गांव बाना व ख्याणी बास से पूनमचंद नैण का आ रहा है। यहां निर्दलीय पूनमचंद नैण ने 819 वोट लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है एवं यहां भाजपा के बनवारीलाल 533 वोटों के साथ चौथे स्थान पर रहे है। यहां तीसरा स्थान रालोपा के सुरजाराम ने 549 वोटों के साथ प्राप्त किया है, इस वार्ड में एक और निर्दलीय विनोद कुमार ने 301 वोट लिए है।

खेत के सींव विवाद में पीटा पड़ौसी को, तोड़ी पट्टियां, बाप बेटे के खिलाफ मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवंबर 2026। क्षेत्र में जमीन विवादों के मामले में करीब प्रतिदिन कोर्ट कचहरी में पहुंच रहें है। क्षेत्र के गांव लिखमादेसर निवासी 45 वर्षीय भागीरथ सिद्ध ने इसी गांव के प्रभुनाथ सिद्ध व उसके बेटे रामूनाथ के खिलाफ आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी कश्यपसिंह राघव ने बताया कि लिखमादेसर की रोही में उसका खेत स्थित है। उसने अपने खेत की सीमा पर तारपट्टी कर रखी है। खेत के उत्तरी तरफ आरोपी का खेत है, जो आए दिन खेत सीमा को लेकर उसके साथ विवाद करते है व रंजीश रखते है। 14 नवंबर को परिवादी अपने खेत में ही था, तभी सुबह करीब 10.30 बजे आरोपी उसकी सींव पर लगी पट्टियां तोड़कर चोरी कर अपनी ढाणी में ले गए। परिवादी इसके लिए मना करने व ओलमा देने अपने खेत की सीमा पर आया। आरोपियों ने गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोपी उसे जबरदस्ती अपनी ढाणी में ले जाने लगे और उसके शोर मचाने पर उसे छोड़कर अपनी ढाणी में चले गए। परिवादी ने बताया कि मारपीट से उसकी कमर व पैर पर चोटें आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल झूमरराम को दी है।

ओढावनी पर बेटी के घर आए पिता पहुंचे थाने- माँ बेटी के साथ मारपीट, सिर के बाल उखाड़े, जवाई सहित 11 के खिलाफ लगाए आरोप, मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवंबर 2026। ओढावनी में बेटी के घर आए पिता उसके घर मचे हंगामे के बाद थाने पहुंचे और जवाई सहित 11 जनों के खिलाफ मारपीट व गहने छीन लेने के आरोप में मामला दर्ज करवाया। सेरूणा थाने में 58 वर्षीय पप्पूराम जाट निवासी खारी, लूणकरणसर ने लिखमीसर उत्तरादा निवासी अपने जवाई कमल किशोर पुत्र श्रीराम जाट, सास सजना देवी, ननद राधा, कमल किशोर के तीन काका अन्नाराम, नरसीराम, कुशलाराम तथा लालचंद, बड़ा भाई रामस्वरूप, गोविंद, पवन, परमा के खिलाफ आरोप लगाए है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री का विवाह अप्रैल 2021 में कमल किशोर पुत्र श्रीराम जाट के साथ किया। श्रीराम के पिता के निधन के बाद 15 नवंबर 2026 को परिवादी व उसके परिवाजन ओढावनी लेकर उनके घर गए। आरोपियों ने परिवादी की बेटी पूजा को कमरे में बुलाकर पीहर वाले क्या लाए है, के बारे में पूछा। पूजा ने उसके पाजेब लाने की जानकारी दी तो आरोपियों ने एक लाख नगदी व मोटरसाइकिल मंगवाने पर जोर दिया। पूजा के मना करने पर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पूजा की माँ हो हल्ला सुनकर अंदर गई तो आरोपियों ने उसके सिर से बाल उखाड़ दिए और मारपीट की। उसके गले से ठूस्सी, रखड़ी, 11 फुलड़े निकाल लिए। पूजा से भी नाक गले के गहने छीन लिए। शोर सुनकर उनके साथ गए राऊराम, कोझाराम व अन्य महिलाओं ने जाकर दोनों को बचाया। मारपीट में दोनों को चोटें आई। परिवादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने पहले भी उसकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया तब पंच पंचायती और स्टाम्प पर लिखा पढ़ी कर भविष्य में परेशान नहीं करने की बात कही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया व जांच थानाधिकारी इमीचंद ने शुरू कर दी है।








बैंक ग्राहक युवक की सतर्कता बावजूद करीब डेढ़ लाख की साईबर ठगी का शिकार हुआ, मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवंबर 2026। मोबाइल से लेनदेन उपयोगकर्ताओं पर साईबर फॉड का मंडराता साया गहराता जा रहा है। शहर से गांव तक उपभोक्ता अपनी गाढ़ी कमाई इन चोरों की भेंट चढ़ते देख परेशान हो रहें है। क्षेत्र के गांव मोमासर में एक युवक द्वारा बिना ओटीपी शेयर किए हुए उसके क्रेडिट कार्ड से 1,42,802 रूपए के दो भुगतान हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित 28 वर्षीय रामचंद्र जाट निवासी मोमासर मामले की गहन जांच करने और रूपए बरामद करवाने की मांग की है। थानाधिकारी कश्यपसिंह राघव ने बताया कि परिवादी ने बताया कि बीओबी के क्रेडिट कार्ड से बिना सहमति के साईबर फॉड में रूपए कट गए है। परिवादी ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 नवंबर को उसके बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से साइबर माफिया ने 7,198 रूपए व 1,35,604 रूपए की ठगी कर ली। परिवादी के फोन पर फ्लीपकार्ट इंटरनेट प्राईवेट के नाम से ओटीपी आया। जो परिवादी ने किसी से शेयर नहीं किया परंतु दोनों लेन देन स्वीकृत हो गए। उसे अनजान तीन मोबाईल नंबरों से आठ दस कॉल आए। परिवादी ने एक व्हाट्सएप कॉल एक बार उठाया जिसमें उसके लिए फ्लीपकार्ड से 999 रूपए का पार्सल आना बताया गया। परिवादी ने कोई ऑर्डर नहीं देने की बात कही तो आरोपी ने वीडियो कॉल उठाकर पार्सल देख लेने की बात कही। परिवादी ने तुरंत वीडियो कॉल काट दिया और उस नबंर को ब्लॉक कर दिया। उसके बाद अन्य दो नबंरो से कॉल आया परंतु परिवादी ने फोन नहीं उठाए। तभी उसे बैंक हेल्पलाईन नबंर से कॉल आया जिसमें पूछा गया कि यह लेन देन आपके द्वारा किया गया है क्या, परिवादी ने किसी भी लेन देन से मना किया। बैंक कार्मिक ने साईबर हेल्पलाइन नबंर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाने की बात कही व कार्ड ब्लॉक कर दिया। परिवादी ने अपनी शिकायत दर्ज करवाई। मामले की जांच साईबर टीम सहित पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है। बता देवें अनजान नबंर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल या कॉल उठाने, अनजान लिंक पर क्लिक करने व अपने ओटीपी किसी के साथ शेयर नहीं करने की सलाह लगातार विशेषज्ञों द्वारा दी जा रही है।

वैश्विक शांति के लिए सांस्कृतिक जुड़ाव सबसे मजबूत गारंटी - मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक शांति के लिए परस्पर सांस्कृतिक जुड़ाव सबसे मजबूत गारंटी है। श्री मोदी ने आज यहां राजधानी के ऐतिहासिक पुराने किले में आयोजित पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सभ्यतागत संवाद मंच का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि युद्ध और अशांति के बीच सभ्यताओं के बीच संवाद और सांस्कृतिक सहयोग की आवश्यकता और बढ़ गयी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक और सभ्यतागत सहयोग सदस्य देशों के संबंधों को और मजबूत करेगा। उन्होंने प्राचीन व्यापार मार्गों, बौद्ध दर्शन, पंचतंत्र, रामायण, गणित, संगीत और स्थापत्य कला के उदाहरण देते हुए बताया कि सदियों से विभिन्न सभ्यताओं के बीच ज्ञान, विचारों और परंपराओं का आदान-प्रदान होता रहा है। श्री मोदी ने सदस्य देशों से प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण और अनुवाद, साझा शोध परियोजनाओं, संयुक्त प्रदर्शनियों, विश्वविद्यालयों के बीच आदान-प्रदान, सांस्कृतिक पर्यटन और कला उत्सवों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल मंचों की मदद से साझा विरासत को नयी पीढ़ी तक पहुंचाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने युवाओं, कलाकारों, लेखकों और फिल्म निर्माताओं को सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आपसी विश्वास और सद्भाव के लिए देशों को अपनी साझा विरासत पर ध्यान देना चाहिए। भारत की विविधता को एकता का आधार बताते हुए उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को वैश्विक कल्याण का मार्ग बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह मंच सांस्कृतिक सहयोग के नए अवसर पैदा करेगा और दुनिया को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

पाकिस्तानी गुब्बारा मिला, पहुंची पुलिस, कब्जे में लिया, वहीं एक दूसरे खेत में संद्विध यंत्र मिला





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 21 नवंबर 2026। क्षेत्र में पाकिस्तानी गुब्बारे मिलने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। शुक्रवार सुबह गांव धनेरू की रोही में एक पाकिस्तानी गुब्बारा मिला। किसान ने पुलिस को सूचना दी तो एएसआई देवाराम मय टीम खेत में पहुंचे व गुब्बारे को कब्जे में लेकर थाने में रखवाया। देवाराम ने बताया कि निरीक्षण में इस गुब्बारे में अन्य कोई यंत्र या डिवाइस वगैरह कुछ नहीं पाया गया है। वहीं शुक्रवार को ही गांव सत्तासर की रोही में जयनारायण सिंह के खेत में भी एक अज्ञात यंत्र मिला है। यंत्र के पीछे 100 फीट से अधिक धागा भी बंधा है। किसानों में इससे कौतूहल छा गया और प्रशासन को इसकी सूचना दे दी गई।

चक्रवात अकवान के तट से टकराने के बीच ओडिशा हाई अलर्ट पर, 3.72 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

ओडिशा में चक्रवात %अकवान% के गोपालपुर तट के पास पहुंचने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसके मद्देनजर पूरे राज्य में प्रशासन हाई अलर्ट पर है और 3.72 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। मुख्य सचिव अनु गर्ग ने शुक्रवार को बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी भी जिले से किसी बड़ी गड़बड़ी की सूचना नहीं है। श्रीमती गर्ग ने सुबह भुवनेश्वर स्थित राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) में चक्रवात की तैयारियों और प्रतिक्रिया की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारी पूरी रात ड्यूटी पर रहे, ताकि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा सके और आपातकालीन उपायों में समन्वय किया जा सके। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार समुद्र के ऊपर हवा की गति अभी 70 से 80 किमी प्रति घंटा है और हवा के झोंके 90 किमी प्रति घंटा तक पहुंच रहे हैं। तूफान के तट से टकराने के बाद हवा की गति धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। राज्य के करीब सभी जिलों में बारिश हो रही है। सरकार की ओर से एहतियाति तौर पर अब तक कुल 3,72,000 लोगों को संवेदनशील इलाकों से निकालकर आश्रय स्थलों तथा अन्य सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। श्रीमती गर्ग ने बताया कि जिला कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारी पूरी रात कंट्रोल रूम में मौजूद रहे और चक्रवात प्रबंधन कार्यों की निगरानी करते रहे। राज्य मुख्यालय से विभिन्न जिलों में भेजे गए वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया कि सभी आवश्यक इंतजाम पूरे हों। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार सुबह लगभग 11:45 बजे राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र का दौरा किया, ताकि चक्रवात की दिशा और राज्यभर की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया जा सके। इस समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी, मुख्य सचिव अनु गर्ग और विभिन्न विभागों के सचिव मौजूद थे।



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401